चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/2560
दिनांक : 20.5.26

अति आवश्यक/शीर्ष प्राथमिकता

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का 38वॉं दीक्षान्त समारोह जुलाई माह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। **सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित एम0एड0 सत्र 2024–26 अन्तिम सेमेस्टर की लघुशोध ग्रन्थ/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षकों के पैनल प्रेषित किये जा चुके हैं।**

अतः सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों से अनुरोध है कि **लघुशोध ग्रन्थ/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर उनके अंक प्रत्येक दशा में 07 कार्य दिवसों में पोर्टल पर अपलोड कर** अंकपर्णो की दो प्रतियॉ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें **ताकि परीक्षा परिणाम घोषित करने के उपरान्त श्रेष्ठता सूची जारी की जा सके।** यदि किसी छात्र/छात्रा का **लघुशोध ग्रन्थ/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा के अंकों के अभाव में** परीक्षा परिणाम जारी नहीं हो पाता है और उक्त छात्र/छात्रा श्रेष्ठता सूची में स्थान पाने से वंचित रहा जाता/जाती है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. प्रभारी, वेबसाईट/कम्प्यूटर सेल/परीक्षा परिणाम सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
4. मैसर्स, सॉफ्टवेब इन्फोटैक डाट कॉम प्राईवेट लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)